
RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU
CHENNAI
EVERY COUNTRY IS MY COUNTRY, EVERY MAN IS MY KINSMAN

தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

## राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका



सितम्बर 2023

## राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

### पदाधिकारीगण 2023-2024

**अध्यक्ष**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष**
गौतमचंद डागा

**सह-कोषाध्यक्ष**
अशोक कुमार लखोटिया



# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 54 | अंक : 9 | सितम्बर 2023

**संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल



प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनायें

आज मुझे मेरी ही लिखी पंक्तियाँ याद आती हैं -

**आज़ादी के संघर्षों में, जिसने सबको जोड़ा था,**
**इंकलाब का नारा देकर, अंग्रेजों को खदेड़ा था।**
**आज उसी हिंदी भाषा का हिंदी दिवस बनाते हैं,**
**राजनीति से बेबस है जो उसका जश्न मनाते हैं।।**

आज हम हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा भी नहीं कह सकते, क्योंकि ऐसा कहते ही कुछ राजनीतिक दलों से विरोध के स्वर उभर आएँगे - इतने डरे हुए, सहमे हैं हम लोग। सच्चाई यही है कि जिस देश में हिंदी भाषा 80 प्रतिशत लोगों द्वारा बोली, समझी और लिखी जाती है, उसी देश के लोग अपनी भाषा को उपयोग में लाने के लिए झिझकते हैं। आखिर कब तक हम इन स्वार्थी, सत्तालोलुप राजनेताओं के चंगुल में फंसे रहेंगे?

**देश में हिंदी भाषा 80 प्रतिशत लोगों द्वारा बोली, समझी और लिखी जाती है**

किसी भी देश का एक ध्वज होता है, एक भाषा होती है और वही उस देश की आन-बान-शान होता है। समय आ गया है कि भारतवासियों को अब अपनी भाषा के अधिकारों के प्रति सचेत होकर भाषा की रक्षा का बीड़ा उठाना होगा।

राजनीति से देश नहीं चलता, देश से राजनीति चलती है। हमने अनेकों बार देखा है, जब भी केन्द्र सरकार हिंदी भाषा का उपयोग करती है, दक्षिण का एक

राजनैतिक दल विरोध में उठ खड़ा होता है। अपने मताधिकार से इन जैसे दलों को उनका सही स्थान दिखाना आवश्यक है। संविधान निर्माताओं ने उसी समय कठोरता दिखाई होती तो हिंदी भाषा को यह अपमान सहना ना पड़ता।

इसी संदर्भ में निवेदन है कि 14 सितम्बर को हम संकल्प दिवस रूप में मनाकर बहुतमत की भाषा हिंदी को 'राष्ट्रभाषा' का सम्मान दिलाने का पूरा प्रयत्न करें।

---

# क्या कभी सोचा है कि हिंदी आपके लिए क्या है?

## हिंदी या हिन्दुस्तानी जुबाँ, एक भाषा से बढ़कर है। प्रस्तुत है हिंदी दिवस पर हिंदी की महिमा, उपयोगिता, वर्तमान स्थिति से अवगत कराती यह सुंदर कविता...

**'हिंदी...तू टेंशन ना ले' - अभिनव नागर की यह कविता सुनने के लिए वीडियो पर क्लिक करें..**



14 सितम्बर - हिंदी दिवस पर विशेष

# तमिलनाडु में हिंदी




**रमेश गुप्त नीरद**

प्रवासी राजस्थानियों की यह खासियत रही है कि वे भारत के जिस किसी भी क्षेत्र में पहुँचे, उन्होंने वहाँ की भाषा, खान-पान, पहनावे को तो अपनाया किंतु अपनी भाषाई अस्मिता और संस्कृति पर आँच नहीं आने दी। तमिलनाडु भी इससे अछूता नहीं है और विशेषकर चेन्नई महानगर में।

पिछली सदी के पाँचवें दशक तक उत्तर भारतीयों के लिए मद्रास काला पानी कहलाता था। किंतु ज्यों-ज्यों व्यापार के सिलसिले में लोग इस प्रांत में आते गए और बसते गए यही काला पानी उनके लिए स्वर्ण पानी बनता गया। प्रवासियों ने एक विशेष क्षेत्र विकसित कर अपने व्यापार स्थापित किए और यहीं अपने आवास भी बनाए। चेन्नई में यह क्षेत्र साहुकारपेट के नाम से जाना जाता है, जो जार्ज टाउन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

प्रवासियों की घरेलू भाषा जो भी रही हो, आपस में वे हिंदी में ही वार्तालाप करते थे और इस प्रकार उनके संपर्क में आनेवाले हिन्दीतर भाषी लोग, विशेषकर व्यापारी वर्ग हिंदी

सीखने लगा और टूटी-फूटी हिंदी में ही उनसे व्यापार करने लगा। कहते हैं 'आवश्यकता आविष्कार की जननी होती है', यहाँ आवश्यकता भाषा की जननी हो गई और हिंदी शनैः शनैः विस्तार पाने लगी।

वैसे मद्रास राज्य के लिए हिंदी कोई नई भाषा या विदेशी भाषा नहीं थी क्योंकि सन् 1937 में यहाँ के सभी विद्यालयों में तत्कालीन मुख्यमंत्री सी. राजगोपालचारी ने हिंदी पढ़ाई को अनिवार्य किया था। स्कूलों में हिंदी भाषा के पठन-पाठन के अलावा यहाँ से सन् 1921 से ही समय-समय पर हिंदी के पत्र तथा पत्रिकाएँ प्रकाशित होती रही हैं - जिनकी संख्या उत्तरोत्तर बढ़ती ही रही है।

हिंदी को संरक्षण तथा विस्तार देने में चेन्नई की सामाजिक संस्थाओं तथा संगठनों का विशेष योगदान है। ये सामाजिक संस्थाएँ प्रवासी उत्तर भारतीयों की हैं। इन प्रवासियों में अग्रवाल, माहेश्वरी, जैन, गुजराती, राजपुरोहित, सीरवी, ब्राह्मण सभी जाति एवं समुदायों के लोग हैं जो चेन्नई में अल्पसंख्यक समुदाय में माने जाते हैं।

अल्पसंख्यकों को मिली कानून एवं संवैधानिक छूट के तहत इनके द्वारा संचालित स्कूल-कॉलेजों में हिंदी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। केन्द्रीय विद्यालयों में तो त्रिभाषा फार्मूले के अंतर्गत हिंदीतर भाषी छात्रों के लिए हिंदी अनिवार्य विषय है।

हिंदी के प्रचार-प्रसार में प्रवासियों के समाज द्वारा हिंदी में पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन की महती भूमिका रही है। बीसवीं सदी के अंतिम दशक तक छठे-सातवें दशक तक हिंदी विरोध का विषैला धुआं मिटता गया और नई युवा पीढ़ी राजनेताओं के मंसूबों को भली प्रकार समझने लगी।

बीसवीं सदी के अंत में हम तमिलनाडु में भयंकर बदलाव, जीवन-शैली में परिवर्तन, उत्तर-दक्षिण की संस्कृतियों का आदान-प्रदान, ये सब देख सकते हैं।

राजनितिक धरातल पर भी ये परिवर्तन लक्षित किए जा सकते हैं। द्रविड़ पार्टियों के युवा नेता अब दिदी को न केवल समझते हैं बल्कि उसमें वार्तालाप भी करते हैं। पुरानी पीढ़ी इन नेताओं के माध्यम से केन्द्र में न केवल संपर्क बनाए हुए हैं अपितु केन्द्र की सत्ता में भागीदारी भी बटोर रही है। ऊपरी तौर पर ये नेता चाहे हिंदी के प्रति कितना भी विरोध प्रगट करें, अंतर्मन में हिंदी की आवश्यकता तथा उसकी सामर्थ्यता स्वीकार कर चुके हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि हिंदी के लिए कोई दबाव न हो। प्रेम-प्यार और मोहब्बत ही इसके विस्तार की सीढ़ी है। हिंदी की आवश्यकता पैदा करेंगे तो हिंदी स्वयं ही फलेगी और फूलेगी। इस आवश्यकता के सृजन के लिए प्रत्येक नेता और भारतीय में निष्ठा और ईमानदारी की जरूरत है।

21वीं सदी वैश्वीकरण और उदारीकरण की सदी है। इसमें हिंदी की भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता। □

---



कोला सरस्वती वैष्णव सीनियर सेकंड्री स्कूल के भव्य वार्षिक दिवस एवं जन्माष्टमी समारोह में रजत अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज मुख्य अतिथि थे। बहुत-बहुत बधाई।

# राजस्थानी ओलंपियाड का समापन समारोह सम्पन्न




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा प्रथम राजस्थानी ओलंपियाड 2023 'रजत खेलोत्सव' का भव्य समापन समारोह रविवार, 27 अगस्त 2023 को चेन्नई के पेरियमेट क्षेत्र में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के मैदान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

प्रात:कालीन सत्र में मुख्य अतिथि ग्रेटर कॉर्पोरेशन ऑफ चेन्नई की माननीय मेयर सुश्री प्रिया राजन, टैबलेट्स (इंडिया) लिमिटेड् के सीईओ श्री आर.के. झंवर, बार्डर सिक्योरिटी फोर्स के कमांडेंट श्री कुलदीप चौधरी ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मेयर सुश्री प्रिया राजन ने राष्ट्रीय ध्वज व ओलम्पियाड ध्वजारोहण किया। श्री कुलदीप चौधरी ने शपथ ग्रहण करवाया।

श्री आर.के. झंवर ने एथलीट शुरुआत करने की घोषणा की। इस अवसर पर आकाश में गुब्बारे छोड़े गए। डॉ. निर्मल नाहटा ने ओलिंपिक मशाल को लेकर रजत के सभी सदस्यों के सहयोग से आगे बढ़ाया और अंत में अध्यक्ष श्री मोहनलाल

बजाज ने मशाल जलाई। तत्पश्चात राजस्थानी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट, एरोबिक्स का प्रदर्शन किया।

स्वागतीय भाषण अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने दिया। रजत की गतिविधियों पर महासचिव श्री देवराज आच्छा ने प्रकाश डाला।

ओलम्पियाड चेयरमैन श्री अशोक मुन्धडा ने कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। सभी अतिथियों का माला, शाल व स्मृति चिन्ह से सम्मान पूर्वाध्यक्ष श्री सुभाष चंद रांका, श्री कांतिलाल सिंघवी, श्री शांतिलाल जैन व श्री चन्द्रप्रकाश मालपानी ने किया।

4 साल से लेकर 70 वर्ष तक के सभी ने एथलेटिक्स और ट्रैक फील्ड खेलों में भाग लिया। 25 राजस्थानी समाज द्वारा संचालित विद्यालयों, लगभग 50 राजस्थानी संस्थाओं एवं 'जिनेंद्र ज्योति' दिव्यांग बच्चो की संस्था के साथ करीब 1400 से भी अधिक विद्यार्थी/युवाओं ने इसमें भाग लिया।

सह-सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने सभी प्रायोजकों, सहयोगी, राजस्थानी संस्थाओं, विद्यालयों, कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापन किया।

सायंकाल को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तमिलनाडु और पांडी के प्रधान आयकर आयुक्त श्री सुनील माथुर, भारत के राष्ट्रीय क्रिकेट चयनकर्ता व खिलाड़ी श्री श्रीधरन शरद, डिजिटल उद्यमी मिसेज़ इंडिया टॉप मॉडल श्रीमती बरखा शाह पधारे।

को-आर्डिनेटर डॉ निर्मल नाहटा व कन्वेनर श्री अजय नाहर ने कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया। पुरस्कार के प्रायोजक सुगाल ग्रूप, ट्राफी के श्री महावीरचंद रमेश दरडा, टोपी के राम फाउंडेशन, तथा चाय वाले का सहयोग रहा।

को-चेयरमैन श्री अनुराग माहेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। □

# संगीतमय नगर मंथन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु एवं श्री माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'जी एस राठी संगीतमय नगर मंथन' (म्यूजिकल कार ट्रेजर हन्ट) का आयोजन 3 सितम्बर 2023, रविवार, सुबह 7.30 बजे, डी जी वैष्णव कॉलेज के प्रांगण से किया गया।

मुख्य अतिथि डी जी वैष्णव कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. संतोष बाबु ने ध्वज लहरा कर कार रैली का शुभारंभ किया। रजत के अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम के चेयरमैन श्री राधेश्याम मूंदड़ा ने ट्रेजर हन्ट के बारे में जानकारी दी। माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष श्री किशन झंवर ने बताया कि कुल 125 कारें भाग लेंगी। सभी प्रतिभागियों को भेंट दी गई। संचालन सह सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने किया। समापन एसपीआर सिटी में हुआ। वहाँ पर सभी के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई। □

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह संपन्न



राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा आशासिंह मोहता चैरीटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 6 अगस्त 2023, रविवार को डी जी वैष्णव कॉलेज में 'प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान' समारोह आयोजित किया गया।

स्वागतीय भाषण अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने दिया। रजत की गतिविधियों पर महासचिव श्री देवराज आच्छा ने प्रकाश डाला। 'टेलेन्ट प्रमोशन कमेटी' के चेयरमेन श्री राजेंद्र कुमार जैन ने इस कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी दी।

मुख्य अतिथि, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव सी ए महावीर सिंघवी, आईएफएस तथा विशेष अतिथि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया में कैरियर काउंसलिंग कमेटी के चेयरमैन सी ए रोहित रुवाटिया अग्रवाल पधारें।

+2 में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों तथा विशेष प्रतिभावान कुल 86 विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि तथा विशेष अतिथि द्वारा पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। राज बाफना ने कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया। सह सचिव ज्ञानचंद कोठारी ने सभी को धन्यवाद दिया। राष्ट्रगान के पश्चात् कार्यक्रम का समापन हुआ। □

# राजस्थानी बाजार 28-29 अक्टूबर को

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) की ओर से 'राजस्थानी बाजार' का आयोजन 28 और 29 अक्टूबर 2023 को सेंट जार्ज स्कूल किलपॉक में आयोजित किया जाएगा। श्री नरेन्द्र श्रीश्रीमाल ने बताया कि एयरकंडीशन हाल में ज्वेलरी के लिए एक्सक्लूसिव पैवेलियन होगा इसमें 150 से अधिक स्टॉल लगे होंगे। बाजार के दौरान 'राजस्थानी सांस्कृतिक शो' का भी आयोजन किया जाएगा। इस राजस्थानी बाजार में 20,000 आगंतुकों के आने की उम्मीद है। देश भर से एक्जीबिटर भाग लेंगे। आगंतुक मिडनाइट शॉपिंग का आनंद ले सकेंगे।

यहाँ उन्हें राजस्थानी व्यंजनों के लिए एक्सक्लूसिव फुडकोर्ट होगा। विजिटर फैशन, डेकर, एक्सेसरीज, फुटवियर, फर्नीचर, होम्स आदि से जुड़ी खरीदारी कर सकेंगे।

राजस्थानी बाजार की तैयारियों में अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज, श्री सुरेश संचेती, श्री दिलीप खिवेसरा, श्री हेमंत दुगड़, श्री जयंतीलाल तेलिसरा, श्री गौतम बोथरा, श्री दिनेश कोठारी, श्री मनीष मरडिया, श्री दिलीप चंदन, श्री प्रवीण टाटिया एवं श्री गोबीनाथ लगे हुए हैं। इस बाजार से होने वाली कमाई चैरिटी कार्यों के लिए दी जाएगी। □

## रजत के सभी सदस्यों से अनुरोध

रजत के सभी सदस्यों से निवेदन है कि आप अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, स्थायी पता, फोन नंबर, व्हाट्स ऐप नंबर आदि निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर पुनः मिलान करवा लें ताकि संस्था के विभिन्न कार्यक्रमों की सूचनाएँ आप तक अनवरत पहुँचती रहे।

**सदस्यता संवर्धन समिति - 884521630**

# रजत की तृतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित सदस्य

## नए संरक्षक सदस्य

**श्री चन्द्रकांत कांकरिया**, मै. ओलंपिया टेकपार्क (चेन्नई) प्रा.लि., 1, सिडको इंडस्ट्रीयल स्टेट, गिंडी, चेन्नई-600032. मो: 9841486262

**श्री दिलीप कुमार एस**, विला नं. 101, नार्थ टाउन, 4,5,6,7, स्टीफेंसन रोड, पेरम्बूर, चेन्नई - 600 012. मोबाइल: 9841117279

## नए आजीवन सदस्य

**श्री राकेश कुमार (बाफना)**, 34(51), ओर्मस् रोड, किलपॉक, चेन्नई - 600010. मो: 9840053928

**श्री विशाल ए जैन**, 114, कोंडमापुरम स्ट्रीट, तिरूवल्लूर - 602001. मो: 9677447743

**श्री अरुण कुमार डागा**, ए-3, कैलूइ गणेश अपार्टमेंट, 808, पूनमल्ली हाई रोड, ईगा थियेटर के पास, किलपॉक, चेन्नई - 600010. मो: 9940110123

**श्री अखिलेश गुप्ता**, 13-सी, द लार्डस्, 94, सत्यदेव एवेन्यू, एम आर सी नगर, राजा अन्नामलै पुरम, चेन्नई - 600028. मो: 9886772211

**श्री आशीष वी चौधरी**, जैन रॉयल, 41, तिरूपल्ली स्ट्रीट, दूसरा माला, चेन्नई - 600079. मो: 9840366540

**श्रीमती राजश्री माहेश्वरी**, 1405, 14वाँ माला, अरिहंत पनाचे, पूनमल्ली हाई रोड, अरूंबाक्कम, चेन्नई - 600106. मो: 9840728943

**श्री प्रवीण दुगड़**, 15ए, कासा मेजर रोड, एग्मोर, चेन्नई - 600008. मो: 9840354488

**श्री दीपक दुगड़**, महावीर फाइनेंस (इंडिया) लि., टी8/टी9, के जी प्लाजा, तीसरा माला, 41/44, जी.पी. रोड, चेन्नई - 600002. मो: 9840054488

**श्री देवेश तातेड़**, 52, मेडॉक्स स्ट्रीट, पहला माला, वेपेरी, चेन्नई - 600007. मो: 9566111058

**श्री रमेश कुमार दरडा**, 143, सोलैअप्पन स्ट्रीट, पुराना धोबीपेट, चेन्नई - 600021. मो: 7200021000

**श्री नमन रांका**, 122/150, आदम साहिब स्ट्रीट, रायपुरम, चेन्नई - 600013. मो: 6369317458

**श्री अंकित कोठारी**, 3बी, अरिहंस ऑर्चिड, 54, फ्लावरस् रोड, किलपॉक, चेन्नई - 600010. मो: 9841099018

**श्री श्रेयांस मेहता**, नं. 1, के जी यस कावेरी, क्रिसेंट स्ट्रीट, ए.बी.एम. एवेन्यू, बोट क्लब, चेन्नई - 600028. मो: 9094024222

**श्री महावीरचंद जैन**, 2ए, अरिहंत चेट्यू, 10, गजपति रोड, किलपॉक, चेन्नई - 600010. मो: 9840214033

**श्री वेंकटेश बजाज**, 52/12, कुप्पू मुत्तु स्ट्रीट, ट्रिपलीकेन, चेन्नई - 600005. मो: 9600043463

**श्री विशाल अग्रवाल**, नं. 10 & 8/3ए, वेपेरी चर्च रोड, वेपेरी, चेन्नई - 600007. मो: 9381003282

**श्री मनोज कुमार बोहरा**, 59, एरूलप्पन स्ट्रीट, साहुकारपेट, चेन्नई - 600001. मो: 8668132284

**श्री प्रवेश तातेड़**, 52, मेडॉक्स स्ट्रीट, पहला माला, वेपेरी, चेन्नई - 600007. मो: 9841911058

**श्रीमती उषा एस खींवसरा**, 17/13, प्रकाश एवेन्यू, पेपर मिल्स रोड, पेरम्बूर, चेन्नई - 600011. मो: 9094046262

**श्री अशोक कुमार छाजेड़**, फ्लैट नं. 201, ए ब्लॉक, गीतांजलि अपार्टमेंट, 15, मेडवाक्कम टैंक रोड, दूसरी गली, केलीस, चेन्नई - 600010. मो: 9444077933

**श्री किशनलाल झंवर**, मै. के.पी. टैक्स, 27, गोडाउन स्ट्रीट, तीसरा माला, चेन्नई - 600001. मो: 9444016562

**श्रीमती डिम्पल नेवटिया**, 12/15, जी.ए. रोड, शांति कॉलोनी, पहला ब्लाक, तीसरा माला, पुराना धोबीपेट, चेन्नई - 600021. मो: 9840057304

**श्री कौशिक पी चौहान**, फ्लैट नं. 2डी, शत्रुंजय अपार्टमेंट, 57, वेपेरी हाई रोड, वेपेरी, चेन्नई - 600007. मो: 9444453077

**श्री अक्षय मुणोत**, मुणोत विला, नया नं. 28/1, वेंकटेशपुरम कॉलोनी (वी पी कॉलोनी) नार्थ स्ट्रीट, अयनावरम, चेन्नई - 600023. मो: 9941855000

**श्रीमती उषा टिबरेवाल**, ए एफ 2234, फर्स्ट स्ट्रीट, 11वाँ मेन रोड, अन्नानगर वेस्ट, चेन्नई - 600040. मो: 9600100003

**श्री हेमंत वर्मा**, फ्लैट नं. 1603, टॉवर 23, नार्थ टाउन अपार्टमेंट, 4,5,6 व 7, स्टीफेंसन रोड, पेरम्बूर, चेन्नई - 600012. मो: 9840086264

**श्री एम राजेश कुमार**, पुराना नं. 217, नया नं. 330, ट्रिप्लीकेन हाई रोड, चेन्नई - 600005. मो: 9444409797

**श्री कमलेश कुमार बरलोटा**, 17/35, वडा इयंगुला अगरकारम, तिरुवन्नामलै - 606601. मो: 9443222016

**श्रीमती राखी खोडलोया**, फ्लैट नं. ए/2, ए ब्लॉक, विजय कोर्ट, तीसरा माला, बालफॉर रोड, केलीस, चेन्नई - 600010.

**श्री दीपक कुमार अग्रवाल**, 37, ओल्ड ट्रंक रोड, पल्लावरम, चेन्नई - 600043. मो: 9884050922

**श्री आर दिलीप कुमार**, 14/15, जी एस ए अपार्टमेंट, गोपाल रेड्डी कॉलोनी, दूसरा क्रास स्ट्रीट, अगरम, चेन्नई - 600082. मो: 9150050099

**श्री एम कुलदीप जैन**, पुराना नं. 27, नया नं. 55, पेपर मिल्स रोड, पेरम्बूर, चेन्नई - 600011. मो: 7010000267

**श्री सुनील दोशी**, 63, एलिफेंट गेट स्ट्रीट, पहला माला, साहुकारपेट, चेन्नई - 600079. मो: 9444416544

**श्री दीनदयाल कडेल**, 22/2, कंदप्पा मुदली स्ट्रीट, साहुकारपेट, चेन्नई - 600079. मो: 9840505637

**श्री भूषण गोयल**, 30, राजशेखरन स्ट्रीट, मैलापुर, चेन्नई - 600004. मो: 9841069000

**श्री वरुण गोयल**, 30, राजशेखरन स्ट्रीट, मैलापुर, चेन्नई - 600004. मो: 9841332040

**श्री महेश कुमार सारडा**, 148-बी, पांडियन स्ट्रीट, आलवारतिरुनगर, चेन्नई - 600087. मो: 9840199925


RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU
refex
Presents
Rajasthani BAZAAR
THE BIGGEST RAJASTHANI EXHIBITION IN TAMILNADU
28TH SATURDAY & 29TH SUNDAY, OCTOBER 2023
ST.GEORGE'S SCHOOL ( Opp To Pachaiyappas College, Kilpauk, Chennai )
Powered By
HI LIVING
CHALLANI JEWELLERY MART
Co-Sponsors
ARIHANT FOUNDATIONS
DiAS FINE JEWELLERY
EF·IF DIAMOND JEWELLERY
J J JEWELLERY MART
sharon PLY
youneek
Lucky Draw Sponsor
Venue Partner
Feedback Partner
Medi Sales Group
WINGS
extraa
JEWELLERY | FASHION | ACCESSORIES | FOOTWEAR | FURNITURE | HOMES | DECOR
MOHANLAL BAJAJ PRESIDENT
DEVRAJ ACHHA GENERAL SECRETARY
GOUTHAMCHAND DAGA TREASURER
NARENDRA SRISRIMAL CHAIRMAN
PRAVEEN TATIA CO-CHAIRMAN
HEMANT DUGAR CO- CHAIRMAN
DILIP CHANDAN CO-CHAIRMAN
ALL PROCEEDS GO TO CHARITY

# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर




## 4 अगस्त 2023

**पोरूर** - 105 लोगों की आँखों की जाँच, 55 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**नंगनल्लूर** - 55 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

## 6 अगस्त 2023

**अम्बत्तूर** - 180 लोगों की आँखों की जाँच, 54 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**पुरूषवाक्कम** - 56 लोगों की आँखों की जाँच, 35 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 13 अगस्त 2023

**ताम्बरम** - 82 लोगों की आँखों की जाँच, 57 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**पुराना धोबीपेट** - 39 लोगों की आँखों की जाँच, 19 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 15 अगस्त 2023

**क्रोमपेट** - 72 लोगों की आँखों की जाँच, 40 लोगों की

रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**23 अगस्त 2023**

**चेंगलपेट** - महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट के संयुक्त तत्वावधान में 70 लोगों की आँखों की जाँच, 25 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**24 अगस्त 2023**

**टी.नगर** - 116 लोगों की आँखों की जाँच, 116 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

---

## 344 डायलिसिस किए गए



श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा संचालित 'आँचीबाई हेमराज कटारिया डायलिसिस सेंटर' पेरम्बूर में जुलाई 2023 में 344 डायलिसिस किए गए।

साथ ही वहाँ पर संचालित 'बुरड डेंटल केयर' में 394 लोगों के दाँतों का इलाज किया गया तथा बोहरा डायग्नोस्टिक सेंटर में 93 जनों के रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई। यहीं पर स्थित 'केसरियानाथ औषधालय' में 389 मरीजों की सामान्य जाँच भी की गई। □

# कपड़े की थैली – मेरी सहेली




महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन द्वारा 11 अगस्त 2023, शुक्रवार को चेन्नई के साहुकारपेट क्षेत्र में 'कपड़े की थैली-मेरी सहेली' के अंतर्गत 'महावीर इंटरनेशनल' का प्रतीक चिह्न छपा कर थैलियाँ वितरित की गई। चेयरमैन श्री दिलखुश धोका ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक की थैली का उपयोग नहीं करना चाहिए।

सह-सचिव श्री महावीर सबदडा ने जागरूकता अभियान में कहा कि - 'प्लास्टिक थैली हटाओ, पर्यावरण बचाओ' सलाहकार ज्ञानचंद कोठारी ने बताया कि प्लास्टिक बैगों का पूरे विश्व भर में भारी मात्रा में उत्पादन किया जाता है, जिससे की भारी मात्रा में कचरे की उत्पत्ति होती है। यह कचरा पृथ्वी पर हजारो वर्षो तक बना रहता है और इससे भूमि, जल और वायु प्रदूषण होता है। इस तरह से यह कई तरह की गंभीर बीमारियों और पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनता है।

वाइस चेयरमैन श्री शांतिलाल चौधरी, श्री नरेंद्र चौधरी, श्री संजय सुराणा आदि सदस्यों ने कपड़े की थैलियाँ वितरण की। इस अवसर पर गोविन्दप्पा स्ट्रीट में फुटपाथ विक्रेता को बड़ा छाता वितरण किया गया। □

# आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा विकलांग सेवा शिविर का आयोजन



आदिनाथ जैन ट्रस्ट के तत्वावधान में चूलै स्थित आदिनाथ जैन सेवा केन्द्र में विकलांगों का भव्य कैंप आयोजित हुआ जिसमें करीब 450 दिव्यांगों को उनकी जरूरत की चीजें बांटी गयी।

इस सेवा केन्द्र में विकलांगों के लिए नूतन टेक्नोलॉजी से कृत्रिम पैर बनाए जाते हैं व उन्हें नि:शुल्क ही प्रदान किए जाते हैं। साथ ही कई शारीरिक अक्षमता से पीड़ित जनों को उनकी जरूरत के हिसाब से ट्राई-साइकिल, व्हील चेयर, चश्मे, श्रवण सहायक यंत्र, फुट स्टिक, कैलिपर, ब्लाइंड किट, पोलियो शूज आदि कई उपकरण वितरित किए गए।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ने बताया कि आदिनाथ जैन ट्रस्ट पिछले 42 सालों से इस तरह के कार्य नि:स्वार्थ भाव से करता आ रहा है। ट्रस्ट में करीब सोलह तरह की परियोजनाएँ हैं जो सफलतापूर्वक और नि:शुल्क चलाई जा रही हैं। केन्द्र में मुफ्त मोतियाबिंन के ऑपरेशन, आई क्लिनिक, होमियोपैथी, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर, मैगनेट थैरेपी, योगा सेंटर, मेडिटेशन सेंटर आदि संचालित है। □

# विश्व स्तनपान सप्ताह



श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी की चेन्नई के साहुकारपेट क्षेत्र में स्थित इकाई देवराज माणिकचंद मैटरनिटी अस्पताल में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' मनाया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 100 दूध पिलाने वाली माताओं को लाभ हुआ। डॉ. सेल्वी, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. कृतिका और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. धरनी ने रोजमर्रा के सत्र को संभाला तथा माँ के दूध के लाभों और स्तनपान की समस्याओं के प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाई। ☐

---

## संस्थाओं से निवेदन

### अंग्रेजी भाषा में समाचार ना भेजें


दक्षिण राजस्थानी पोस्ट प्रबंधन के पास अंग्रेजी भाषा से हिंदी भाषा में अनुवाद की व्यवस्था फिलहाल उपलब्ध नहीं है। अत: संस्थागत समाचार केवल हिंदी भाषा में ही प्रेषित करावें। साथ ही अपने समाचार प्रत्येक माह की 25 तारीख तक अवश्य भेज दें ताकि उन्हें प्रकाशित किया जा सके।

**- संपादक**

# नि:शुल्क साइकिल वितरण



चेन्नई के रायपुरम स्थित श्री जी के जैन स्कूल में 2 अगस्त 2023 को बारहवीं कक्षा के 54 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। □






# पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ
# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क
## ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162